इरेडा के सीएमडी ने कर्नाटक के बड़े और मध्यम पैमाने उद्योग मंत्री से मुलाकात की

नई दिल्ली, 05 अप्रैल, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने आज कर्नाटक के माननीय बड़े और मध्यम पैमाने उद्योग मंत्री डॉ. मुरुगेश निरानी के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने कर्नाटक में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इरेडा के सीएमडी ने उन्हें वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा के 50% हिस्सेदारी की भारत सरकार के लक्ष्य के अनुरूप आरई क्षेत्र को बढ़ाने के लिए कंपनी की हाल ही की उपलब्धियों, महत्वपूर्ण पहलों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। श्री दास ने पिछले दो वर्षों में इरेडा की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पहल पर जोर दिया, जिसके माध्यम से संगठन ने ऋण आवेदनों के त्वरित प्रोसेसिंग को सुनिश्चित किया है, जिसके परिणामस्वरूप कम समय लगता है। इसके अलावा, श्री दास ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इरेडा आरई परियोजनाओं के लिए निरंतर सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें प्रदान कर रहा है।

इरेडा ने कर्नाटक में 17,007 करोड़ रुपये (कुल ऋण स्वीकृति का 14%) की संचयी ऋण स्वीकृत किया है और 9,001 करोड़ रुपये (कुल ऋण संवितरण का 11%) की संचयी ऋण संवितरण किया है । वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, इरेडा ने इस राज्य में 3,882 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति और 2,507 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया है ।(31.03.2022 के अनुसार) अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि, कर्नाटक में ऋण पोर्टफोलियो 5,353 करोड़ रुपये के साथ इरेडा का सबसे अधिक ऋण पोर्टफोलियो है।

डॉ. निरानी ने इरेडा को 2 नवंबर से 4 नवंबर 2022 तक बेंगलुरू में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट (जीआईएम) में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि जीआईएम का उद्देश्य कर्नाटक के मजबूत औद्योगिक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करना,वैश्विक प्लेयर्स से बड़े पैमाने पर निवेश के लिए आकर्षित करना और संपूर्ण राज्य में औद्योगीकरण करना है।